कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2023 /   लखनऊःदिनांक 28, नवम्बर 2023

नीट पी0जी0 बैच 2019 (एम0डी0 / एम0एस0) बैच तथा नीट पी0जी0 2020 (डिप्लोमा) बैच के अभ्यर्थियों को अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर सेवायोजित किये जाने हेतु ऑनलाईन काउंसिलिंग की समय–सारिणी

शासनादेश संख्या–950 / 71–2–82 / 2017 दिनांक 07 मार्च 2018 में निहित निर्देशों के क्रम में नीट पी0जी0 2020 (एम0डी0 / एम0एस0) बैच तथा नीट पी0जी0 2021 (डिप्लोमा) बैच की अन्तिम वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को उनकी ऑल इण्डिया रैंक के आधार पर ऑनलाईन काउंसिलिंग के माध्यम से सेवायोजित किये जाने की कार्यवाही यथाशीघ्र किया जाना प्रस्तावित है।

शासनादेश संख्या– I / 342805 / 2023 दिनांक 04 जुलाई 2023 में निहित निर्देशानुसार नीट पी0जी0 2019 बैच(एम0डी0 / एम0एस0) / नीट पी0जी0 2020 (डिप्लोमा) बैच के अभ्यर्थियों, जो वर्ष 2022 में आयोजित काउंसिलिंग के माध्यम से सीनियर रेजीडेण्ट के पद पर पूर्व से सेवायोजित हैं, को प्राथमिकता प्रदान करते हुए ऑनलाईन काउंसिलिंग की समय–सारणी निम्नवत् हैः–

कंस	विवरण	तिथि	कुल दिवस
1	आनॅलाईन पंजीकरण की तिथि (नीट **पी0जी0 2019 (एम0डी0 / एम0एस0) बैच तथा नीट पी0जी0 2020 (डिप्लोमा) बैच हेतु**	दिनांक 29 नवम्बर 2023 (सायं 5:00 बजे) से दिनांक 01 दिसम्बर 2023 तक (सायं 5:00 बजे तक)	02 दिवस
2	ऑन लाइन अभिलेखो के सत्यापन की तिथि	दिनांक 29 नवम्बर 2023 (सायं 5:00 बजे) से 02 दिसम्बर 2023 (पूर्वान्ह 11:00 बजे तक)	03 दिवस
3	पंजीकृत अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट का प्रकाशन	01 दिसम्बर 2023	01 दिवस
4	ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग की तिथि **(2019 बैच (एम0डी0 / एम0एस0)**	दिनांक 02 दिसम्बर 2023 से (सायं 5:00बजे) से दिनांक 05 दिसम्बर 2023 (पूर्वान्ह 11:00 बजे तक)	03 दिवस
6	सीट आंवटन का परिणाम घोषित करने की तिथि **(2019 बैच (एम0डी0 / एम0एस0)**	दिनांक 05 दिसम्बर 2023	01 दिवस
7	ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग की तिथि **(2020 बैच (डिप्लोमा)**	दिनांक 06 दिसम्बर 2023 (पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक)	01 दिवस
8	सीट आंवटन का परिणाम घोषित करने की तिथि **(2020 बैच (डिप्लोमा)**	दिनांक 06 दिसम्बर 2023	01 दिवस
9	आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा आवंटित कालेज में योगदान आख्या प्रस्तुत करने की तिथि	दिनांक 07 दिसम्बर 2023 से दिनांक 13 दिसम्बर 2023	07 दिवस

- ऑनलाईन काउंसिलिंग हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को वेबसाईट **www.dgmeonlineposting.upsdc.gov.in** पर log-in करते हुए अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- **नीट पी0जी0 2019 बैच (एम0डी0 / एम0एस0) तथा नीट पी0जी0 2020 (डिप्लोमा) बैच के ऐसे अभ्यर्थी, जो अपने वर्तमान आवंटन स्थल मे परिवर्तन के इच्छुक नहीं हैं, उन्हे काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने की आवश्यकता नहीं है।**

➢ **पल्मोनरी एण्ड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग, के0जी0एम0यू0, लखनऊ में सीनियर रेजीडेण्ट की रिक्त सीटों को पृथक से सीट मैट्रिक्स में प्रदर्शित किया जायेगा। इन सीटों पर जनरल मेडिसिन एवं रेस्पिटरेटरी मेडिसिन विशिष्टता के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दिये गये विकल्प के आधार पर आवंटन प्रदान किया जायेगा। आवंटन प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को के0जी0एम0यू0, लखनऊ के स्तर से पल्मोनरी एण्ड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग का सीनियर रेजीडेण्ट का अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। इस तथ्य को संज्ञान में लेते हुए सम्बन्धित विशिष्टता के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग करना सुनिचित करें।**

➢ अद्यतन सूचनाओं हेतु वेबसाइट www.dgme.up.gov.in का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

<u>Help Line Number: 8189011696, 8189011697</u>

कृते महानिदेशक।

संख्याः एम0ई0–3/2023/2811 तद्‌दिनांक/

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–चार।
2. समस्त सदस्य, काउंसिलिंग बोर्ड।
3. कुलसचिव, के0जी0एम0यू0/यू0पी0यू0एम0एस0, सैफई/निदेशक, एस0जी0पी0जी0आई लखनऊ/ डा0 मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ/मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र, आगरा/राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा/पी0जी0आई0सी0एच0, नोएडा/सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान, लखनऊ/होमी भाभा कैंसर हास्पिटल, वाराणसी/प्रधानाचार्य समस्त राजकीय/स्वशासी मेडिकल कालेज, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को नोटिस बोर्ड एवं कालेज की बेवसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।
4. निदेशक, एम्स, गोरखपुर/रायबरेली को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को नोटिस बोर्ड एवं कालेज की बेवसाईट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करे।
5. नोडल अधिकारी (अभिलेखों का सत्यापन), के0जी0एम0यू0/यू0पी0यू0एम0एस0, सैफई तथा डा0 मनोहर लोहिया, आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ।
6. निदेशक, एन0आई0सी0.योजना भवन, लखनऊ।
7. निदेशक, यू0पी0एस0डी0सी0, लखनऊ।
8. शिविर सहायक, महानिदेशक कैम्प, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ, उ0प्र0।

कृते महानिदेशक।